नकली नोटों के साथ बरेली के दो युवक गिरफ्तार:रामलीला मेले में नकली नोटों से खरीद रहे थे सामान, 15 हजार रुपये के जाली नोट बरामद

शाहजहांपुर पुलिस ने 15 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बरेली के रहने वाला है। अपना दिला छोड़कर आरोपी आसपास के जिलों में नकली नोट दुकानों पर चलाते थे। दोनों आरोपी रामलीला के मेले में नकली नोटों से खरीदारी कर रहे थे। नकली नोटों से सामान खरीदने के बाद दुकानदार से मिलने वाले असली नोट लेकर आरोपी भाग जाते थे। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/shahjahanpur/news/two-youths-from-bareilly-arrested-with-fake-notes-132072232.html